# नर्मदा में मिला इंदौर से लापता महिला का शव, एक बच्चा अब भी गुम

- चार बच्चों के साथ निकली थी घर से, दो के साथ नर्मदा में कूदी
- चौथे दिन एक बेटे का और पांचवें दिन मां का शव मिला
- एक बेटा अब भी लापता, दो बच्चे जिंदा मिले थे





नव भारत न्यूज

**इंदौर. कृष्णबाग कॉलोनी से चार बच्चों के साथ लापता हुई महिला का शव आज सुबह मोरटक्का के पास कटार गांव के घाट पर नर्मदा किनारे पत्थरों के बीच मिला. नर्मदा का जलस्तर कम होते ही ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची. महिला का एक बच्चा अभी भी लापता है, जिसकी तलाश आज गोताखोरों की मदद से की जाएगी.**

जानकारी के अनुसार 11 दिसंबर को कृष्णबाग इलाके के रहने वाले सब्जी विक्रेता सुंदरलाल चौरसिया की पत्नी 35 वर्षीय प्रियंका अपने चार बच्चों 6 वर्षीय आर्यन, ढाई साल की हिमांशी, 5 वर्षीय प्रियांश और 6 माह के चीकू के साथ अचानक घर से लापता हो गई थी. रविवार को आर्यन और हिमांशी मोरटक्का ब्रिज के पास मिल गए थे, लेकिन प्रियंका और दो बच्चे प्रियांश और चीकू का कोई सुराग नहीं मिला था. दूसरे दिन सोमवार को मोरटक्का के पास नर्मदा नदी में 6 माह के चीकू का शव मिलने के बाद अनहोनी की आशंका और गहरा गई. इसके बाद प्रियंका और प्रियांश की तलाश नर्मदा में शुरू की गई, लेकिन रात होने और जलस्तर ज्यादा होने के कारण सर्च ऑपरेशन रोकना पड़ा. रात में ओंकारेश्वर डैम से पानी रोके जाने के बाद सुबह नर्मदा का जलस्तर कम हो गया. इसी दौरान कटार गांव के ग्रामीणों ने नर्मदा किनारे पत्थरों के बीच एक महिला का शव देखा और तुरंत मोरटक्का चौकी पुलिस को सूचना दी.

### 6 माह के बच्चे का शव क्षत-विक्षत मिला था

पुलिस के अनुसार, सोमवार और मंगलवार के घटनास्थल में लगभग दो किलोमीटर का फासला है. एक दिन पहले 6 माह के चीकू का शव मिला था, जिसे कि कुत्ते नोंच रहे थे, बच्चे का पैर कुत्ते खा चुके थे. शव क्षत-विक्षत हालत में था. पिता सुंदरलाल ने अपने बेटे चीकू के शव की शिनाख्त की. अब प्रियंका और आर्यन का शव मिलने के बाद आशंका जताई जा रही है कि प्रिंयका ने प्रियांश व चीकू के साथ नदी में छलांग लगाई होगी. जो दो बच्चे दस्तयाब हुए थे,

### महिला का शव मिलने के बाद रहस्य और गहराया

फिलहाल पुलिस की टीम मौके पर मौजूद है और लापता बच्चे प्रियांश की तलाश की जा रही है. इस पूरे मामले में अब भी कई सवाल खड़े हैं. पहले पुलिस को उम्मीद थी कि प्रियंका के जीवित मिलने पर पूरे घटनाक्रम का खुलासा हो सकेगा, लेकिन अब उसका शव मिलने के बाद रहस्य और गहरा गया है. यह साफ नहीं हो पाया है कि प्रियंका और चीकू नर्मदा में कैसे गिरे क्या किसी ने उन्हें मोरटक्का पुल से धक्का दिया या फिर महिला ने खुद बच्चों के साथ नदी में छलांग लगाई. पुलिस का मानना है कि यदि प्रियांश सकुशल मिल जाता है तो घटना की सच्चाई सामने आ सकती है. फिलहाल मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है. जांच जारी है और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी. बहरहाल, परिजन इंदौर से मोरटक्का पहुंच गए हैं.

# इंडिगो संकट के बाद यात्रियों पर अब कोहरे की मार

- इंदौर से जुड़ी 16 उड़ानें फिर ठप

नव भारत न्यूज

**इंदौर. हवाई सफर की परेशानी खत्म होने का नाम नहीं ले रही है. इंडिगो की उड़ानों के संकट से यात्रियों को थोड़ी राहत मिली ही थी कि अब दिल्ली में छाए घने कोहरे ने हालात बिगाड़ दिए हैं. कोहरे के चलते उड़ानों का संचालन बुरी तरह प्रभावित हुआ है, जिसका सीधा असर इंदौर एयरपोर्ट पर भी देखने को मिला.**

एयरपोर्ट सूत्रों ने बताया कि दिल्ली में कोहरे के कारण इंदौर से दिल्ली और दिल्ली होकर अन्य शहरों से आने-जाने वाली 16 उड़ानें निरस्त कर दी गईं. वहीं मंगलवार सुबह भी हालात नहीं सुधरे और सुबह 6.30 से 9 बजे के बीच 6 उड़ानें रद्द कर दी गईं. उड़ानें निरस्त होने से हजारों यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और एयरपोर्ट पर दिनभर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा. बताया गया कि दिल्ली में सुबह से ही घना कोहरा छाया हुआ था, जिससे दृश्यता बेहद कम हो गई. इसी वजह से हवाई यातायात प्रभावित हुआ और कई उड़ानों को निरस्त करना पड़ा, जबकि कई उड़ानें घंटों देरी से चलीं. इसका असर इंदौर की फ्लाइट्स पर भी पड़ा. दिल्ली से सीधे इंदौर आने-जाने वाली आठ उड़ानें और दिल्ली होकर अन्य शहरों से जुड़ी 8 उड़ानें रद्द रहीं. आज सुबह भी दिल्ली की 5 और जयपुर की एक उड़ान निरस्त कर दी गई.

### उड़ानें रद्द होने से यात्रियों की मुश्किलें बढ़ीं

उड़ानें रद्द होने से यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं. जिन लोगों ने पहले से टिकट बुक कर रखे थे, उन्हें एयरपोर्ट पहुंचने के बाद फ्लाइट निरस्त होने की जानकारी मिली. हालांकि, एयरलाइंस की ओर से यात्रियों को रिफंड या रीबुकिंग का विकल्प दिया जा रहा है, लेकिन इससे भी यात्रियों की नाराजगी कम नहीं हो रही. आज सुबह निरस्त हुई उड़ानों में दिल्ली से इंदौर होकर वापस दिल्ली जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट भी शामिल थी. इसी फ्लाइट से दिल्ली जाने के लिए विधायक और भाजपा नेता गोपी नेमा अपने साथियों के साथ एयरपोर्ट पहुंचे थे. करीब डेढ़ घंटे बाद उन्हें बताया गया कि फ्लाइट निरस्त हो चुकी है.

### यात्रियों ने एयरपोर्ट पर जमकर किया हंगामा

इस पर नाराजगी जताने पर एयरलाइंस ने दावा किया कि यात्रियों को मैसेज के जरिए सूचना दे दी गई थी, जबकि विधायक सहित कई यात्रियों ने कहा कि उन्हें कोई मैसेज नहीं मिला. इसके बाद यात्रियों ने मोबाइल दिखाते हुए एयरपोर्ट पर जमकर हंगामा किया. एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार सुबह कोहरा छंटने के बाद भी उड़ानों का शेड्यूल पूरे दिन बिगड़ा रहा. इसी कारण दिल्ली के साथ-साथ गोवा, पुणे, जयपुर, अहमदाबाद और गोंदिया की उड़ानें भी निरस्त करनी पड़ी थीं. इससे हवाई सफर करने वाले यात्रियों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है.

## लिफ्ट नहीं देने पर युवक को पीटा

इंदौर. परदेशीपुरा क्षेत्र में लिफ्ट नहीं देने की बात पर एक युवक के साथ गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है. पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. गौरी नगर में रहने वाले पवन ने पुलिस को बताया कि बीती रात वह अपनी मोटरसाइकिल से गौरी नगर से तेजाजी नगर की ओर जा रहा था. सफेद मंदिर के पास परदेशीपुरा पहुंचते ही एक युवक ने उससे लिफ्ट मांगी. फरियादी द्वारा मोटरसाइकिल नहीं रोकने पर आरोपी ने अश्लील गालियां देना शुरू कर दिया. फरियादी ने जब विरोध किया तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और दाहिने हाथ की उंगली पकड़कर मरोड़ दी, जिससे उसे चोट आई. घटना के बाद फरियादी ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने आरोपी अमन निवासी अजय बाग कॉलोनी मूसाखेड़ी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है.

# होटल में हिंदू युवती के साथ पकड़ाया मुस्लिम युवक

- हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने पीटा और पुलिस के हवाले किया
- लव जिहाद का आरोप, पुलिस बोली- कंबल बेचने आए थे युवक-युवती



इंदौर. सरवटे बस स्टैंड स्थित एक होटल में ठहरे जयपुर निवासी युवक और महाराष्ट्र की एक युवती को हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया. कार्यकर्ताओं ने युवक पर लव जिहाद का आरोप लगाया है. छोटी ग्वालटोली पुलिस ने पूछताछ उपरांत युवक के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की है. छोटी ग्वालटोली टीआई संजू कामले के अनुसार सरवटे बस स्टैंड स्थित जैन होटल के कमरा नंबर 101 में जयपुर निवासी याकीन खान और महाराष्ट्र की एक हिंदू युवती ठहरे हुए थे. उन्होंने बताया कि युवक ने होटल संचालक को सही आईडी दी थी. सूचना मिलने पर हिंदू जागरण मंच के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और कमरे का दरवाजा खुलवाया. इस दौरान कार्यकर्ताओं ने युवक से पूछताछ की और मारपीट भी की.

### महाराष्ट्र में हुई थी युवक और युवती में दोस्ती

पुलिस के अनुसार याकीन खान मजदूरी करता है और काम की तलाश में महाराष्ट्र गया था. इसी दौरान धूलिया में याकीन और युवती की पहचान हुई थी. बाद में दोनों के बीच दोस्ती बढ़ गई और युवती उसके साथ इंदौर तक आ गई.

### पुलिस बोली... लव जिहाद का आरोप बेबुनियाद

सरवटे बस स्टैंड इलाके के एक होटल में ठहरे युवक-युवती को लेकर उठे लव जिहाद के आरोपों को पुलिस ने शुरूआती जांच में खारिज कर दिया है. मामले में किसी तरह की साजिश या जबरन धर्मांतरण जैसी बात सामने नहीं आई है. मामले में छोटी ग्वालटोली थाना प्रभारी संजू कामले ने बताया कि युवती के पास मोबाइल फोन भी नहीं था और पूछताछ में दोनों ने खुद को रोजगार के सिलसिले में कंबल बेचने के लिए इंदौर आना बताया.

### एक नजर में

## महू महिला कांग्रेस ने मंत्री शाह का पुतला फूंका



महू. प्रदेश के कैबिनेट मंत्री विजय शाह द्वारा लाड़ली बहनों को लेकर दिए गए आपत्तिजनक बयान के विरोध में महिला कांग्रेस की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती रीना बोरासी सेतिया के निर्देश पर पूरे प्रदेश में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा मंत्री विजय शाह का पुतला दहन किया जा रहा है. इसी क्रम में महू में कांग्रेस नेत्री श्रीमती शिखा अमित अग्रवाल के नेतृत्व में स्थानीय धान मंडी चौराहा पर मंत्री विजय शाह का पुतला दहन किया गया. इस अवसर पर युवा कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों के साथ बड़ी संख्या में मातृशक्ति भी उपस्थित रही. शिखा अमित अग्रवाल ने कहा कि मंत्री विजय शाह द्वारा सत्ता के नशे में मदमस्त होकर पहले भी महू की माटी को कलंकित किया और देश की रक्षा करने वाली सेना की हमारी जांबाज बहन कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर आपत्तिजनक बयान दिया और फिर रतलाम में सार्वजनिक मंच एवं मीटिंग में लाड़ली बहनों को लेकर आपत्तिजनक बयान दिया. ऐसा करके उनके द्वारा महिला विरोधी मानसिकता का परिचय लगातार दिया जा रहा है और भाजपा द्वारा ऐसे मंत्री को संरक्षण देकर महिला विरोधी मानसिकता को बढ़ावा दे रही है. लेकिन महिला कांग्रेस ऐसा नहीं होने देगी और इसका पुरजोर विरोध करेगी. इसी क्रम में नवनियुक्त ऊर्जावान और तेज तर्रार कांग्रेस अध्यक्ष रीना बोरासी सेतिया ने प्रदेश की महिला कांग्रेस नेत्रियों से विजय शाह के पुतला दहन का आह्वान कर आधी आबादी को संकेत दिया है कि उनके सम्मान के लिए महिला कांग्रेस हमेशा से मैदान में थी, है और रहेगी. कार्यक्रम के दौरान मंत्री विजय शाह के विरोध में जमकर नारेबाजी की गई तथा चप्पलों से पीटते हुए उनके पुतले का दहन किया गया. इस अवसर पर मुख्य रूप से शमा खान, सुशीला दीदी, प्रीति घानेकर, वर्षा साकोरिया, शबनम, अनिता पायल, आमिर खान, अल-अमन खान, सचिन गुप्ता, अमित अग्रवाल, गोविंद शर्मा, अजय धनावत, विक्की मल्होत्रा, गोना प्रीतम वर्मा, आशु पठान सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

## रणवीर सिंह रावत का अभिनंदन



इंदौर. समाजिक एकता और युवाओं के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बहुउद्देशीय विकास संगठन इंदौर के प्रतिनिधिमंडल ने भाजपा के उपाध्यक्ष एवं इंदौर संभागीय प्रभारी रणवीर सिंह रावत का अभिनंदन किया. संगठन ने उन्हें अगले माह आयोजित होने वाले युवक-युवती परिचय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया. कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ समाजजन और पदाधिकारी सामाजिक एकता, युवाओं के भविष्य और समाज के विकास पर विचार-विमर्श किया. रणवीर सिंह रावत ने मीणा समाज द्वारा किए जा रहे सामाजिक प्रयासों की सराहना करते हुए आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं. प्रतिनिधिमंडल में जय मीनेश बहुउद्देशीय विकास संगठन के वरिष्ठ एवं पूर्व अध्यक्ष बसंती लाल मौर्य, आयोजन समिति अध्यक्ष मनोहर मीणा (गुड्डू), अध्यक्ष हरि ओम मीणा (धनावत), उपाध्यक्ष सुनील मीणा नंदा, जीतु मीणा, डॉ. धर्मेंद्र मीणा, जयप्रकाश जोनवाल, राजेश मीणा, डॉ. महेंद्र मीणा, डॉ. श्याम सतवान, गोपाल मीणा, मुकेश मीणा, रवि मीणा, संतोष मीणा, संजय कासरवल, दिनेश मुकाती सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे.

## सारा म्यूजिकल ग्रुप की इंदौर में एक और धमाकेदार प्रस्तुति

महू. सारा म्यूजिकल ग्रुप महू के गायक कलाकारों द्वारा इंदौर में मध्य भारत अकादमी सभागार में राज कपूर साहब को विशेष रूप से ट्रिब्यूट कर अपने मधुर गीतों की प्रस्तुति दी. इस धमाकेदार प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया. कलाकारों द्वारा गाये गीतों को श्रोताओं ने खूब सराहा. लीक से हटकर एक दुर्लभ गीत, तेरे बिना आगे ये चांदनी सारा ग्रुप आयोजिका चन्दा कुण्डलवाल और पंकज बनसोड़े द्वारा बहुत ही शानदार ढंग से प्रस्तुत किया. अर्जुन सिंह सिसोदिया, डॉ. आकाश वर्मा, मनीष भोजने, मयूरी गुप्ता के साथ, चंचल शीतल, निर्मल, कोमल ने जबरदस्त प्रस्तुति दी. नारायण सिरसाट ने शकुंतला खवले और चन्दा के साथ बहतरीन प्रस्तुति देकर माहौल को और सुरमयी बना दिया.

# ट्रैवल्स के पोर्टल पर बुक कराई गई थी शराब की खेप

- पुलिस जांच में हुआ चौंकाने वाला खुलासा
- ट्रांसपोर्टर की भूमिका संदेह के घेरे में

**इंदौर.** गुजरात में अवैध शराब सप्लाई के नेटवर्क में इंदौर एक बार फिर अहम कड़ी के रूप में सामने आया है. विजयनगर पुलिस द्वारा बस से साढ़े सात लाख रुपए की शराब जब्त किए जाने के बाद जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है. जब्त की गई शराब के कार्टून ट्रैवल्स के ऑनलाइन पोर्टल पर बुक किए गए थे. अब पुलिस पता लगाने में जुटी है कि यह बुकिंग किस मोबाइल नंबर और किस व्यक्ति ने की थी, ताकि असली तस्कर तक पहुंचा जा सके.

पकड़ी गई शराब गुजरात भेजी जानी थी. इस मामले में सलुजा ट्रैवल्स धार की बस से शराब ले जाते हुए ड्राइवर असीम खान और क्लीनर सलमान को गिरफ्तार किया था. पूछताछ में आरोपियों ने बताया था कि बस देवास से खाली इंदौर आई थी. उन्हें इंदौर से सवारी भरनी थी, इसलिए बस खाली रखी गई थी. इसके बाद बस को धार जाना था. जांच में सामने आया है कि शराब के कार्टून सलूजा ट्रैवल्स के पोर्टल के जरिए बुक हुए थे. इसी बिंदु पर अब पुलिस का फोकस ट्रांसपोर्टर की भूमिका पर है. पुलिस ने ट्रैवल्स मालिक को भी पूछताछ के लिए तलब किया है, ताकि यह साफ हो सके कि बुकिंग किसने कराई, किसके निर्देश पर माल लोड किया और क्या ट्रैवल्स प्रबंधन को इसकी जानकारी थी या नहीं.







**कार में अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार**- इधर, अन्नपूर्णा पुलिस ने चाणक्यपुरी चौराहे पर वाहन चैकिंग के दौरान अवैध शराब तस्करी का खुलासा किया. पुलिस ने एक कार को रोका, जिसमें भारी मात्रा में अवैध शराब मिली. एडीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि कार नम्बर एमपी 09 एएफ में 19 पेटी देशी और अंग्रेजी शराब बरामद हुई, जिसकी मात्रा 176.28 लीटर और कीमत लगभग 1,08,900 रुपए है. आरोपी के पास शराब का वैध परमिट नहीं था. पुलिस ने आरोपी विजय राठौर उम्र 25 वर्ष, ग्राम ब्रम्हकुंड, जिला धार को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है. पुलिस ने कार और शराब जब्त कर लिया है और आगे आरोपी को रिमांड में लेकर पूछताछ की जा रही है.

### पहले भी पकड़े जा चुके हैं अवैध शराब से भरे ट्रक और बस

सूत्रों का कहना है कि प्रदेश के धार, झाबुआ और आलीराजपुर जैसे सीमावर्ती जिलों से बड़ी मात्रा में तस्करी के जरिये शराब गुजरात भेजी जाती है, लेकिन उसका ट्रांजिट प्वाइंट अक्सर इंदौर होता है. वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पहले भी कई बार यहां से अवैध शराब से भरे ट्रक और बसें पकड़ी जा चुकी हैं, फिलहाल विजयनगर पुलिस पोर्टल बुकिंग से जुड़े डिजिटल रिकॉर्ड खंगाल रही है और जल्द ही तस्करी के पूरे नेटवर्क के उजागर होने की संभावना है.


## स्मैक के साथ दो तस्कर धराए



इंदौर, कनाड़िया पुलिस ने दो आरोपियों को अवैध मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से लगभग 25 ग्राम स्मैक बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 20 हजार रुपए बताई जा रही है. थाना प्रभारी डॉ. सहर्ष यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के नाम मोहम्मद साकिब पिता मोहम्मद रफीक निवासी अक्सा मस्जिद, खंडवा और अमन अली पिता जुल्फकार अली निवासी इमलीपुरा, खंडवा हैं. दोनों तस्करी के उद्देश्य से कनाड़िया इलाके में घूम रहे थे. मुखबिर से सूचना मिलने के बाद पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर इन दोनों आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से पकड़ लिया. तलाशी के दौरान दोनों के पास से उक्त स्मैक बरामद की गई.

# बायपास की दो कॉलोनी के दो घरों में चोरों का धावा, लाखों की चोरी

- कनाड़िया-लसूड़िया क्षेत्र में लगातार चोरियों से दहशत में लोग
- सीसीटीवी फुटेज में नजर आए तीन संदिग्ध बदमाश, पुलिस तलाश में जुटी



नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर के कनाड़िया और लसूड़िया थाना क्षेत्रों में इन दिनों चोरों का आतंक हैं. बीती एक ही रात इन इलाकों में दो बड़ी चोरी की वारदातें सामने आई हैं. इससे स्थानीय लोगों में दहशत है. कनाड़िया थानातंर्गत संपत ग्रीन कॉलोनी में पुलिस द्वारा खंगाले गए सीसीटीवी फुटेज में तीन संदिग्ध बदमाश नजर आ रहे हैं, जिनकी पहचान की जा जारी है.**

कनाड़िया इलाके की संपत ग्रीन कॉलोनी में रहने वाले जिग्नेश सोनी के घर चोरों ने ताले तोड़कर प्रवेश किया. घर से करीब 15 लाख रुपए कीमत के जेवर और कीमती सामान गायब मिला. परिवार के लोग बाहर गए हुए थे, इसी का फायदा उठाकर बदमाशों ने पूरे इत्मीनान से वारदात को अंजाम दिया. पुलिस को मौके से मिले सीसीटीवी फुटेज में तीन संदिग्ध युवक नजर आए हैं. तीनों पैदल कॉलोनी में आते-जाते दिखे हैं और उनके चेहरे कपड़े से ढंके हुए थे. पुलिस को शक है कि बदमाश पूरी तैयारी के साथ आए थे और उनके पास ताले तोड़ने के औजार और चोरी का माल रखने की थैली भी थी. शुरूआती जांच में ये पेशेवर चोर माने जा रहे हैं.

मामले में पुलिस का कहना है कि बदमाश वारदात से पहले अपनी गाड़ियां बायपास या सुनसान इलाके में खड़ी कर देते हैं और पैदल कॉलोनी में घुसते हैं. चोरी के बाद उसी रास्ते से वापस लौटकर शहर से बाहर निकल जाते हैं. इसी एंगल पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है और पुराने रिकॉर्ड भी खंगाले जा रहे हैं. थाना प्रभारी सहर्ष यादव का कहना है कि फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है और जल्द ही उन्हें पकड़ लिया जाएगा.

# एक और नशे का फरार सौदागर धराया

इंदौर. शहर में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर नकेल कसने के लिए जारी अभियान के तहत क्राइम ब्रांच को एक और बड़ी सफलता मिली है. पूर्व में दर्ज मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने नशा तस्करी के नेटवर्क की एक और परत उजागर की है. एडीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि आरोपी राकेश पटेल, निवासी राजनगर अन्य जिलों से कम कीमत पर मादक पदार्थ खरीदकर इंदौर शहर में नशे के आदी लोगों को ऊंचे दामों पर सप्लाई करता था. पूछताछ में आरोपी ने इस बात को स्वीकार किया है कि वह लगातार इस अवैध कारोबार में शामिल रहा है. पुलिस रिकॉर्ड में भी आरोपी के खिलाफ पहले से प्रकरण दर्ज है. उल्लेखनीय है कि पहले गिरफ्तार किए गए आरोपी नितेश मेहरा के कब्जे से लगभग 21.68 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की थी, उसी पूछताछ के दौरान फरार आरोपी राकेश पटेल का नाम सामने आया था, जो घटना दिनांक से फरार चल रहा था. फिलहाल आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर आरोपी से पूछताछ करते हुए उसके नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाने के साथ ही आगे की कार्रवाई की जा रही है.

समस्या — वर्तमान और भविष्य के यातायात सुधार की योजना के प्रति लापरवाह हैं जिम्मेदार

# शहर में बढ़ता यातायात और जाम की समस्या बन रहे मुसीबत



इंदौर. शहर में हर तरफ बढ़ता यातायात अब लोगों के लिए मुसीबत बनते जा रहा है, वहीं यातायात विभाग सहित अन्य जिम्मेदार वर्तमान और भविष्य की यातायात सुधार योजना के प्रति लापरवाह बना हुआ है. आम रास्तों के अलावा अब तो रिंग रोड पर भी एक किलोमीटर लंबा जाम लगने लगा है. इस मार्ग पर रेंगते हुए वाहनों के कारण वाहन चालकों को किसी बड़ी अनहोनी का डर सताने लगा है.

बढ़ते यातायात और जाम का असर रिंग रोड पर भी पड़ रहा है. यहां के यातायात को देखते हुए हाल ही में खजराना चौराहे पर विशाल ब्रिज बनाया गया, लेकिन शाम होते ही इस ब्रिज से उठने वाली भूजा से लेकर रोबोर्ट चौराहा तक जाम लगना प्रतिदिन की बात हो चुकी है. यह जाम ब्रिज के ऊपर तक लग रहा है, जबकि ब्रिज लोगों को जाम जैसी स्थिति से बचाने के उद्देश्य से बनाया गया है. शाम आठ बजे एक ऐंबुलेंस इस जाम में ऐसी फंसी कि उसे सिगनल तक पहुंचने में काफी मशक्कत उठानी पड़ी. क्योंकि जाम में फंसे वाहनों के बीच बाईक भर की भी जगह नहीं थी. उस ऐंबुलेंस में गंभीर मरीज मौजूद था. इस दौरान अनहोनी घटती तो कौन जिम्मेदार था. कुछ ही दिनों पहले देवास हाई-वे पर घंटों के जाम में आला अधिकारियों की लापरवाही से तीन जाने गईं उसके बाद योजना बनाई गई और अब जाम लगना बंद हो गया. सवाल यह उठता है कि जब कोई अनहोनी हो जाती है, तब ही जिम्मेदारों की नींद क्यों खुलती है.

### यह बोले नागरिक...



सिर्फ यह होता है कि साल में एक बार यातायात सप्ताह मनाकर आला अधिकारी अपने विभाग का प्रचार प्रसार कर अपने नंबर बढ़ा लेते हैं, लेकिन ऐसी योजना नहीं बनाते, जिससे लोग समस्याओं से निजाद पा सकें.

**- रविंद्र मिश्रा**



आज लोगों के लिए सड़कों पर वाहन चलाना ही नहीं, पैदल चलना भी दूभर होते जा रहा है, क्या यही व्यवस्था है हमारे यातायात विभाग की, जो लोग हर दिन जाम से जूझते रहें.

**- अंकित चौहान**



रिंग रोड के आसपास कई बड़े क्षेत्र विकसित हुए हैं और वाहनों की संख्या भी बढ़ी है, ऐसे में विभाग को हर रूट की मानिटरिंग कर योजना बनाकर यातायात समस्या का निराकरण करना होगा, वर्ना यह मुसीबत कभी खत्म नहीं होगी, बल्कि बढ़ती जाएगी.

**- शकील अंसारी**